# <u>प्रेस नोट दिनांक 24.07.2022</u>
## <u>थाना कोतवाली, जनपद बरेली ।</u>
## <u>पुलिस ऑफिस के बाहर फरयादियों से रूपये मांगने वाले फर्जी पत्रकार गिरफ्तार। #UPPolice</u>

दिनांक 22.07.2022 को आवेदिका के द्वारा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के समक्ष पेश होकर एक प्रा0पत्र दिया, जिसमें उसने बताया कि आवेदिका का जमीन सम्बन्धी विवाद सिविल न्यायालय में विचाराधीन था। जिस पर विपक्षी पुलिस से मिलकर आवेदिका की जगह पर कब्जा करा रहा था। इस सम्बन्ध में आवेदिका दिनांक 11.07.2022 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के समक्ष उपस्थित हुई थी। उसके बाद पुलिस ऑफिस के गेट पर श्री **प्रवीन कुमार शर्मा** पत्रकार व **बी0एस0चन्देल** व एक अन्य व्यक्ति मिले। प्रवीन कुमार शर्मा ने अपने को टाइम्स न्यू का पत्रकार बताया और आवेदिका से कहा कि मेरी साहब से जान पहचान है तथा थाना भोजीपुरा का दरोगा भी मुझे जानता है। मैं तुम्हारे मकान की गली पर जो कब्जा हो रहा है उसे तुरन्त हटवा दूंगा। इसके बदले में आपको **10,000 रुपये** देना होगा। आवेदिका ने कहा कि मैं विधवा गरीब महिला हूं। **10,000 रुपये** नहीं दे सकती तभी प्रवीन कुमार शर्मा ने आवेदिका से कहा कि हम **7,000 रुपये** से कम नहीं लेंगे और कहा कि हम तीन व्यक्ति हैं। आवेदिका के पास **4000 रुपये** थें जो आवेदिका ने प्रवीन कुमार शर्मा को दे दिये तथा **3000 रुपये** प्रवीन कुमार शर्मा को उसके घर भोजीपुरा पर जाकर दिये, लेकिन उक्त लोग आवेदिका का काम नहीं करवा सके और आवेदिका से **7000 रुपये** ठग लिये। प्रकरण के सम्बन्ध में एंटी करप्शन हेल्पलाइन पर सूचना मिलने और वादिनी के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद थाना कोतवाली बरेली पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। विवेचना से एक व्यक्ति रमेश आनन्द पुत्र रामस्वरूप नि0 प्रेमनगर उडला जागीर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली का नाम प्रकाश में आया है। तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

**<u>पंजीकृत अभियोग</u>**-
मु0अ0सं0- 298/22 धारा 420 भादवि थाना कोतवाली जनपद बरेली।

**<u>नाम पता अभियुक्त</u>**-
1-प्रवीन कुमार शर्मा पुत्र सोमपाल शर्मा नि0 अभय सिटी लाल फाटक थाना कैंट जनपद बरेली (पत्रकार-खबर फास्ट, टाइम्स न्यू)
2-बी0एस0चन्देल पुत्र राजेन्द्रपाल सिंह नि0 295 चौपला सिविल लाइन थाना कोतवाली जनपद बरेली (पत्रकार-इंकलाबी मिशन)
3-रमेश आनन्द पुत्र रामस्वरूप नि0 प्रेमनगर उडला जागीर थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।
(पत्रकार-संचार-24)